वाट्सऐप @ 94140-78380, 92140-78380 | वर्ष :3 अंक : 179 गुरुवार 26 अक्टूबर 2023 | दैनिक ई-पेपर

# शाबाश इंडिया

@ShabaasIndia | प्लॉट नंबर 8, ओझा जी का बाग, गांधी नगर मोड, टोंक रोड, जयपुर

## साइबर अवेयरनेस प्रोग्राम में छात्रों को किया जागरुक

### एक्सपर्ट बोले- सोशल मीडिया को यूज करते वक्त रखें सावधानी, साइबर सिक्योरिटी को करें फॉलो



**जयपुर. कासं।** नेशनल सायबर सिक्योरिटी अवयरनेस मंथ (एनसीएसएएम) अक्टूबर 2023 के तहत कानोड़िया कॉलेज में डॉ. सीबीएस साइबर फाउंडेशन जयपुर, इंडियन कम्प्यूटर इमरजेंसी रिस्पोन्स टीम और सेंट्रल डिटेक्टिव ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट जयपुर के संयुक्त तत्वावधान में साइबर अवयरनेस सेमिनार का आयोजन किया गया। कॉलेज प्रिंसिपल प्राचार्य डॉ. सीमा अग्रवाल ने स्वागत वक्तव्य दिया और वर्तमान में बढ़ते साइबर अपराधों को ध्यान में रखते हुए छात्राओं को जागरूक करने के उद्देश्य से आयोजित इस कार्यक्रम की उपयोगिता पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में पूर्व आईपीएस और डॉ. सीबीएस सायबर फाउण्डेशन, जयुपर के संस्थापक डॉ. सी.बी. शर्मा ने सायबर सिक्योरिटी का महत्व बताते हुए छात्राओं को सोशल मीडिया के उपयोग में सतर्कता को ध्यान रखने योग्य बातें विस्तार से बताई। डिप्टी एसपी, (सीडीटीआई) जगमोहन शर्मा ने साइबर क्राइम के उदाहरण देते हुए छात्राओं को सजग रहकर सोशल मीडिया के उपयोग संबंधित जानकारी दी।

## डांडिया महारास में रजनी सोनी बनी डांडिया क्वीन, युवाओं का रहा जमावड़ा

### कॉन्टेस्ट में यंग मॉडल को किया सम्मानित, फैशन कैटवॉक में दिखाया था टैलेंट



**जयपुर. कासं।** आरके इवेंट्स की ओर से वैशाली नगर में आयोजित डांडिया महारास के तहत हुए डांडिया क्वीन फैशन कॉन्टेस्ट में यंग मॉडल रजनी सोनी को डांडिया क्वीन 2023 घोषित किया गया। इसके अलावा अनीशा प्रजापत डांडिया क्वीन की फर्स्ट रनर अप बनी। इस मौके पर डांडिया महारास के आयोजक पवन टांक, जेकेजे ज्वेलर्स के डायरेक्टर राजकुमार मौसून, उपेंद्र मौसून, कैलाश मौसून, रविसूर्या ग्रुप के चेयरपर्सन रविन्द्र प्रताप सिंह, समाजसेवी जेडी माहेश्वरी, मंदाकिनी साड़ीज के डायरेक्टर प्रशांत पोद्दार मौजूद रहे। अतिथियों ने विजेता मॉडल्स को क्राउन और शैश पहनाकर सम्मानित किया। इस फैशन कॉन्टेस्ट में दीपिका सिंह, सुमन ब्याडवाल, अंजू यादव, अभिषेकता तंवर, हर्षिता, सपना, हिना शर्मा, माधुरी आदि मॉडल्स ने कैटवॉक कर माहौल में फैशन की रंगत बिखेरी। इसके साथ ही चार दिवसीय डांडिया महारास का भव्य समापन हुआ।

## 'वर्ल्ड स्ट्रोक डे' पर होगी मैराथन, लोगों को करेंगे जागरूक

### 'शैल्बी हैल्थौन' के जरिए लोगों को करेंगे अवेयर, 24x7 स्ट्रोक हेल्पलाइन भी की शुरू

**जयपुर. कासं।** ''वर्ल्ड स्ट्रोक डे'' 29 अक्टूबर को मनाया जाएगा। इस अवसर पर शैल्बी हॉस्पिटल जयपुर की ओर से ''शैल्बी हैल्थौन'' का आयोजन किया जा रहा है। इसके जरिए लोगों को स्ट्रोक के प्रति अवेयर किया जाएगा। बुधवार को मैराथन का पोस्टर लॉन्च शैल्बी डिपार्टमेंट ऑफ न्यूरो साईंसेज के विशेषज्ञों ने किया। इसके साथ 24x7 स्ट्रोक हेल्पलाइन 7124444 की भी शुरूआत की गई। शैल्बी हॉस्पिटल के सीएओ अंकित पारीक ने बताया- साल दर साल दुनिया भर में स्ट्रोक के कारण लाखों लोग अपनी जान गवां देते हैं। राजस्थान में भी इसके आंकड़े लगातार बढ़ रहे हैं। स्ट्रोक की गंभीरता और इसके प्रति जागरूकता फैलाने के लिए 29 अक्टूबर को विश्व स्ट्रोक दिवस के दिन सुबह 6 बजे शैल्बी हॉस्पिटल एक जागरूकता मैराथन कार्यक्रम आयोजित कर रहा है। 5 किमी और 10 किमी की इस मैराथन में रजिस्ट्रेशन फ्री रखा गया है, ताकि ज्यादा से ज्यादा संख्या में लोग जागरूकता कार्यक्रम का हिस्सा बन सकें। इसके साथ ही कार्यक्रम में कोड 'ओरेंज' भी लॉन्च किया गया, यह एक स्पेशल कोड है, जो कि मुख्यतः स्ट्रोक इमरजेंसी पेशेंट के मेडिकल प्रोसेस के लिए एक्टिवेट हो जाता है। इस अवसर पर शैल्बी हॉस्पिटल के डीप्टी सीएओ विशाल शर्मा भी मौजूद रहे।



# मिट्टी में मिल गया दशानन का घमंड, धू-धू कर जल गया बुराई का प्रतीक

## जयपुर राजघराने के सवाई पद्मनाभ सिंह ने अयोध्या से आई राम ज्योत से किया प्रदेश के सबसे बड़े रावण का दहनदो लाख से ज्यादा लोगों ने लिया ईको फ्रेंडली आतिशबाजी का आनंद



जयपुर. शाबाश इंडिया



बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक दशहरा छोटीकाशी में पूरे हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस मौके पर विद्याधर नगर स्टेडियम विकास समिति के तत्वावधान में विद्याधर नगर स्टेडियम में रावण, कुंभकरण और मेघनाद के पुतले जलाए गए। यहां रावण का 121 फीट, कुंभकर्ण 111 फीट और मेघनाद का 105 फीट का पुतला जलाया गया। जयपुर राजघराने के सदस्य सवाई पद्मनाभ सिंह ने जैसे ही अयोध्या से आई राम ज्योत से अग्नि ले रावण के पुतले पर अग्निबाण चलाया पूरा स्टेडियम जय श्रीराम और धर्म की जय हो, अधर्म का नाश हो के नारों से गूंज उठा। उल्लेखनीय है कि समिति ने रावण दहन के लिए शिवाकाशी से 11 लाख रुपये के पटाखे मंगवाए थे जिनसे ही रावण का दहन हुआ और आतिशबाजी की गई। राम ज्योत से ही दिवाली पर रोशन होंगे दीपक गौरतलब है कि प्रदेशभर में दशहरे से दिवाली तक राम ज्योत से ज्योत जलाते चलो का सपना साकार होगा। अयोध्या से सोमवार को जयपुर पहुंची राम ज्योत से दशहरे के रावण दहन हुए वहीं दिवाली पर करोड़ों घरों के दीप प्रज्वलित होंगे। इस दौरान जयपुर सहित प्रदेशभर के 51 हजार मंदिरों में ज्योत पहुंचेगी फिर मंदिरों से यह ज्योत कॉलोनियों तथा घरों में पहुंचाई जाएगी जिससे घरों में दिवाली पर दीप प्रज्वलित किए जाएंगे। इस मौके पर आयोजन समिति के आई.सी. अग्रवाल (जीनस ग्रुप), एन.के. गुप्ता एवं विनोद गोयल (मंगलम ग्रुप), राजेन्द्र केडिया (केडिया ग्रुप), डॉ. रवि जिन्दल, महावीर शाह (इम्पीरियल ग्रुप), गोकुल माहेश्वरी एवं जे.डी. माहेश्वरी (शकुन एडवरटाइजिंग), सुधीर जाजू, सुदेश शर्मा (पृथ्वी रोलिंग मिल्स), कैलाश अग्रवाल (मंगला सरिया), जगदीश सोमानी (महाराजा साबुन), कौशल्या गौड़ (रूकमणी ज्वैलर्स), डॉ. अनिल शर्मा (श्री जय अम्बे हॉस्पिटल), दिनेश मित्तल, गजेन्द्र अग्रवाल (पी.एस. ट्रेडर्स), मुकेश मिश्रा, अनुराग दीक्षित, सुधीर जैन गोधा, सीए. संजय पाबूवाल, ज्योति माहेश्वरी, गब्बर कटारा, डॉ. सौरभ बैराठी, पवन बंसल (नटराज रुफिंग), पंकज जोशी, मोहन सुखानी, विक्रम सुखानी, महेन्द्र बैद, मोहन गुरनानी, एडवोकेट राजेश कर्नल, अनिल चौधरी, कमल शर्मा, पवन शर्मा, डॉ. सुनील शर्मा, राधेश्याम अग्रवाल लोरवाड़ा, डॉ. सर्वेश जोशी, दीपक गोधा, विमल गर्ग, राजेन्द्र कासलीवाल, राकेश दुसाद, राजेश तांबी, वीरेन्द्र पालावत, एडवोकेट योगेन्द्र शर्मा, बजरंग शर्मा नेता, वीरेन्द्र शर्मा (कुतांघर), प्रदीप कविया, कमल अग्रवाल, जितेन्द्र शर्मा, एम.एल. सोनी, मनमोहन पारीक, जितेश पारीक, गजराज सिंह, नरेन्द्र मित्तल, कमलेश शर्मा, विजय प्रताप सिंह, प्रमोद सिंह, प्रसनजीत मालू, प्रदीप करीरी पत्रकार, सचिन रावत, संजय बैद, दीपक बैद, मनोज जोशी, नरेन्द्र चौधरी, राजेन्द्र राठौड़, टिंकू राठौड़, नरेन्द्र कविया (अध्यक्ष), अनिल संत (सचिव) एवं समस्त कार्यकारिणी सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे। समिति के सचिव अनिल संत ने बताया कि रावण दहन से पहले भव्य रंगबिरंगी ईको फ्रेंडली आतिशबाजी की गई जो समारोह के आकर्षण का मुख्य केंद्र रही। उन्होंने बताया कि रावण दहन से पहले रामलीला का मंचन भी किया गया। राम और रावण के संवादों का दर्शकों ने भरपूर आनंद लिया।

### घरों और छतों से देखा रावण दहन

स्टेडियम में लोगों का दोपहर से ही जुटना शुरू हो गया था और शाम होने तक स्टेडियम में दर्शकों से खचाखच भर गया। वाहनों की पार्किंग भी दोपहर तक पूरी तरह से भर गई, ऐसे में लोगों ने जहां जगह मिली अपने वाहन लगा दिए। स्थानीय निवासियों ने छतों से और फ्लेटों की खिड़कियों से ही रावण दहन का आनंद लिया। समिति ने दावा किया है कि कार्यक्रम में करीब दो लाख से अधिक लोगों ने हिस्सा लिया। इस अवसर पर दिया कुमारी भी उपस्थित रही।

# जैन सोशल ग्रुप महानगर जेकेजे डान्डिया दिपोत्सव 29 अक्तुम्बर को महावीर स्कूल में

**इस कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण कसेरा किडस फैशन शो, 1008 दीपकों से आरती, डान्डिया एवं बम्पर हाऊजी का आयोजन होगा। इस कार्यक्रम के मुख्य प्रायोजक जेकेजे ज्वैलर्स है ओर प्रायोजक एआरएल इन्फोटेक, सिटिवाईबस, कोटक महेंद्रा बैंक, सरस डेयरी, श्री राम ग्रुप, चार्ट ग्रुप हैं। साथ ही किडस फैशन शो के मुख्य प्रायोजक श्री कसेरा टैन्ट एवं ईवेंट, एवं प्रायोजक जयपुर चक्की एवं रुंडला एन्टरप्राईजेज है ।**

**जयपुर. शाबाश इंडिया**

जैन सोशल ग्रुप इन्टरनेशनल फैडरेशन नोर्थन रीजन के तत्वावधान में जैन सोशल ग्रुप महानगर जयपुर का 21वा डान्डिया दिपोत्सव कार्यक्रम दिनांक 29 अक्तुमबर को महावीर स्कूल सी-स्कीम जयपुर में शाम 4.00 बजे से रात्रि 10.00 बजे तक आयोजित किया जायेगा। इस कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण कसेरा किडस फैशन शो, 1008 दीपकों से आरती, डान्डिया एवं बम्पर हाऊजी का आयोजन होगा। इस कार्यक्रम के मुख्य प्रायोजक जेकेजे ज्वैलर्स है ओर प्रायोजक एआरएल इन्फोटेक, सिटिवाईबस, कोटक महेंद्रा बैंक, सरस डेयरी, श्री राम ग्रुप, चार्ट ग्रुप हैं । साथ ही किडस फैशन शो के मुख्य प्रायोजक श्री कसेरा टैन्ट एवं ईवेंट, एवं प्रायोजक जयपुर चक्की एवं रुंडला एन्टरप्राईजेज है। महानगर ग्रुप अध्यक्ष संजय छाबड़ा एवं सचिव सुनील गंगवाल ने बताया कि जेकेजे डांडिया दीपोत्सव कार्यक्रम के उदघाटनकर्ता जतिन मौसून,(जेकेजे ज्वैलर्स) मुख्य अतिथि प्रमोद पहाड़िया,( ऐआरएल इन्फोटेक) समारोह अध्यक्ष श्रीमती रेणु राणा, सम्मानीय अतिथि उमरावमल संघी,(अध्यक्ष, महावीर शिक्षा परिषद) दीप प्रज्जवलनकर्ता सुनील पहाड़िया (वर्धमान ग्रुप), डांडिया रिंग उदघाटनकर्ता अशोक अग्रवाल (श्री राम ग्रुप) सहित अन्य विशिष्ट अतिथि कार्यक्रम की शोभा बढ़ायेगे। रवि प्रकाश जैन, पूर्व अध्यक्ष ने बताया कि नरेश यादव, एमडी, चार्ट ग्रुप हाऊजी पुरस्कार के प्रायोजक रहेंगे। दिपेश छाबड़ा, मुख्य सयोजक ने बताया कि इस बार सुरक्षा व्यवस्था हेतु पूरे ग्राउंड मे सीसीटीवी रिकॉर्डिंग के साथ साथ सिक्यूरीटी गार्ड भी लगाए गये हैं। राजीव जैन पूर्व अध्यक्ष ने बताया कि इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए जेएसजी अरिहंत, मेट्रो,जैन सोशल ग्रुप राजधानी, गोल्ड, अपटूडेट, राजस्थान जैन युवा महासभा, दिगंबर जैन सोशल ग्रुप नवकार, दिगंबर जैन सोशल ग्रुप सन्मति, आदिनाथ मित्र मण्डल, जयपुर ज्वेलर्स लायनेस क्लब स्वरा, बी सी फाउंडेशन एवं अखिल भारतीय दिगंबर जैन युवा परिषद मानसरोवर संस्थाऐ भी जुड़ी हैं। इस कार्यक्रम में चटपटे स्वादिष्ट व्यंजन बहुत ही उचित दरों पर उपलब्ध रहेंगे। कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु डान्डिया सयोजक स्वाति- नरेंद्र जैन, विनीत - मोनिका जैन, महावीर - सुनीता कसेरा, मोनाली - पीयूष सोनी, अमिता - राजकुमार जैन एवं फैशन शो सयोजक अरविंद - दिपीका जैन, विपिन - हेमा जैन, अमित - मोनिका आन्धिका, मनीष - साक्षी जैन के साथ साथ सह सयोजक के रूप में अतीव - दीपिका जैन एवं अनूप-डॉक्टर पूजा जैन जुड़ रहे हैं। कार्यक्रम स्थल पर सेल्फी जोन, 360 डिग्री सेल्फी, स्वादिष्ठ फूड जोन आदि की भी व्यवस्था रखी गई है।

**महानगर ग्रुप अध्यक्ष संजय छाबड़ा एवं सचिव सुनील गंगवाल ने बताया कि जेकेजे डांडिया दीपोत्सव कार्यक्रम के उदघाटनकर्ता जतिन मौसून,(जेकेजे ज्वैलर्स) मुख्य अतिथि प्रमोद पहाड़िया,( ऐआरएल इन्फोटेक) समारोह अध्यक्ष श्रीमती रेणु राणा, सम्मानीय अतिथि उमरावमल संघी,(अध्यक्ष, महावीर शिक्षा परिषद) दीप प्रज्जवलनकर्ता सुनील पहाड़िया (वर्धमान ग्रुप), डांडिया रिंग उदघाटनकर्ता अशोक अग्रवाल (श्री राम ग्रुप) सहित अन्य विशिष्ट अतिथि कार्यक्रम की शोभा बढ़ायेगे।**



## वेद ज्ञान

### युवा अध्यात्म के माध्यम से ऊर्जा को दें उचित मार्ग

युवा जीवन में कई उतार-चढ़ाव आते हैं और वे इसका तत्काल समाधान चाहते हैं। वे चाहते हैं कि उनके लिए सब कुछ अभी इसी पल में हो जाए। जब तक वे अपनी इच्छाओं और आकांक्षाओं को संभालना नहीं सीखेंगे, तब तक वे कुछ गलत रास्तों का भी चुनाव करते रहेंगे। आज के युवा पहले की तुलना में कहीं अधिक मानसिक बीमारी, अवसाद और आत्महत्या की प्रवृत्ति से ग्रस्त हैं। वे इस बात को ध्यान में रखें कि गलत रास्तों को अपनाने पर उन्हें कुछ समय के लिए रोमांच मिल सकता है, लेकिन यह स्थायी नहीं होता है। दरअसल, हर युवा खुशी और उत्साह के लिए तरसता रहता है। अध्यात्म वह है, जो मन में उत्साह को प्रज्वलित करता है। हमारे युवाओं को यह एहसास करने की जरूरत है कि वे मानवीय गुणों के साथ ही रचनात्मक कार्य कर सकते हैं। उन्हें यह भी एहसास करने की जरूरत है कि उनमें बहुत क्षमता है और वे जो कुछ भी हासिल करना चाहते हैं, उसे पाने की शक्ति भी उनमें है। वास्तव में सिर्फ भौतिक वस्तुएं या सुविधाएं किसी को आराम नहीं दे सकती हैं। हर कोई शांति, स्थिरता, चैन और सच्चे प्रेम के लिए तरस रहा है। आध्यात्मिकता उन्हें यह सब प्रदान कर सकती है। सेवा भारतीय अध्यात्म का एक महत्वपूर्ण अंग है। इस तीव्र इच्छा को पूरा करने की ऊर्जा युवाओं में है। जब सेवा जीवन का एकमात्र उद्देश्य होता है, तब मन में एकाग्रता आती है। कर्म उद्देश्यपूर्ण हो जाते हैं और दीर्घकालिक सुख मिलता है। आध्यात्मिकता के सेवा के पहलू को इस्तेमाल कर अपने भय और अवसाद को समाप्त किया जा सकता है। यदि आप निराश हैं या किसी अवसाद से ग्रस्त हो रहे हैं, तो अपने कमरे से बाहर निकलें और लोगों से पूछें कि मैं आपके लिए क्या कर सकता हूं? यदि आप सेवा करेंगे, तो वह आपके अंदर क्रांति लाएगा। जब स्वयं को दूसरों की मदद करने में व्यस्त रखेंगे, तब आपको यह एहसास होगा कि परमात्मा आपका बहुत अच्छी तरह से ख्याल रख रहे हैं। आपकी निराशा प्रेम और कृतज्ञता में परिवर्तित हो जाएगी। अंदर से बंधा हुआ मन आज युवाओं के बीच एक बड़ी समस्या है। उन्हें हमेशा यह चिंता सताती रहती है कि लोग उनके बारे में क्या सोचते हैं?

## संपादकीय

### जलवायु परिवर्तन के चलते तेजी से बढ़ रहीं हिमनद झीलें

बढ़ते तापमान को लेकर दुनिया भर में चिंता जताई जा रही है। इस मसले पर बड़े-बड़े सम्मेलन भी होते रहे हैं। मगर दशकों से चल रही ऐसी कवायदों के बीच यह समस्या और गहराती जा रही है। अब हालत यह है कि एक बड़े भूभाग और व्यापक आबादी के सामने व्यापक संकट सिर पर मंडराने लगा है। हिमनदों के पिघलने और इससे पैदा होने वाले हालात के खतरे से अब सभी परिचित हैं, लेकिन कुछ समय पहले सिक्किम में अचानक आई बाढ़ के पीछे जो कारण सामने आए, उसके बाद हिमनदों की बदलती तस्वीर को लेकर चिंता बढ़ गई है। विशेषज्ञों के मुताबिक, जलवायु परिवर्तन के कारण हिमाचल प्रदेश, जम्मू-कश्मीर, उत्तराखंड और अरुणाचल प्रदेश जैसे इलाकों में हिमनद झीलों में तेजी से बढ़ोतरी हो रही है। इससे पैदा होने वाले खतरे के प्रति आगाह करते हुए चेतावनी दी गई है कि हिमनदों के आकार में अगर इसी तरह बदलाव होता रहा, तो हिमालयी क्षेत्र में बड़ी तबाही आ सकती है।



गौरतलब है कि हाल ही में सिक्किम में हुई बारिश के बीच अचानक ही जिस पैमाने की बाढ़ आई, उसने समूचे प्रभावित क्षेत्र में लोगों को संभलने का मौका तक नहीं दिया और जानमाल का व्यापक नुकसान हुआ। पचहत्तर से ज्यादा लोगों की जान चली गई, हजारों को विस्थापित होना पड़ा और कई प्रमुख बुनियादी ढांचा परियोजनाएं नष्ट हो गईं। भारी बरसात के बीच हुई तबाही के लिए बढ़ते तापमान, हिमखंडों के पिघलने और इसकी वजह से हिमनद झीलों के नाकाम होने को भी मुख्य रूप से जिम्मेदार माना गया है। अचानक हुई भारी बरसात को एक प्राकृतिक उथल-पुथल का नतीजा माना जा सकता है, लेकिन हिमखंडों का पिघलना और झीलों का विफल होना केवल कुछ दिनों का नतीजा नहीं होता है। किसी महत्त्वाकांक्षी परियोजना के संदर्भ में सभी पहलुओं के बारे में तस्वीर पहले से साफ होती है कि इनकी उपयोगिता क्या है और इसके जोखिम क्या हैं। अगर पहाड़ी इलाकों में किसी परियोजना के मद्देनजर झीलों का निर्माण होता है, तो उसकी नाकामी के कारणों, टूटने से पैदा होने वाली स्थितियों का अंदाजा लगाना इतना मुश्किल नहीं है। सिक्किम की बाढ़ से हुई तबाही से पहले 2013 में केदारनाथ आपदा से हुए व्यापक विनाश की जड़ में भी चोराबरी हिमनद झील में आया उफान ही था। चिंता की बात है कि हिमालय क्षेत्र में हिमाचल प्रदेश, जम्मू-कश्मीर, उत्तराखंड और अरुणाचल प्रदेश जैसे इलाकों में भी इसी तरह हिमनद झील विस्फोट से बाढ़ के खतरे की आशंका जताई जाने लगी है। इन क्षेत्रों के तापमान में बढ़ोतरी की वजह से कई हिमनद झीलें तेजी से बढ़ रही हैं। ज्यादा वक्त नहीं बीते हैं, जब हिमाचल प्रदेश में भारी बारिश और उसकी वजह से आई बाढ़ से व्यापक तबाही हुई। ऐसे में अगर हिमखंडों के पिघलने या फिर भूकम्प की वजह से हिमनद झीलों या बांधों के टूटने के हालात पैदा होते हैं, तो हालात की केवल कल्पना ही की जा सकती है। इन खतरों के बावजूद इस जोखिम को और बढ़ाने वाली परियोजनाओं पर काम करने के स्वरूप में बदलाव के बारे में सोचना और समय रहते हिमनद झीलों से होने वाली तबाही की गुंजाइश को खत्म करना सरकारों को जरूरी क्यों नहीं लगता है? **-राकेश जैन गोदिका**

## परिदृश्य

### संकट में सहयोग

भारत ने संकटग्रस्त फिलिस्तीन को दवा और आपदा राहत सामग्री की खेप भेज कर एक बार फिर यही साबित किया है कि वह मानवीय और लोकतांत्रिक मूल्यों का पक्षधर है। जब भी किसी देश में इस तरह का कोई संकट खड़ा हुआ है, भारत ने वहां मदद का हाथ बढ़ाया है। कोरोना काल में जब दुनिया के अनेक देशों को दवाओं और टीके की जरूरत थी, भारत ने उन्हें खुले हाथों मदद पहुंचाई। फिलिस्तीन के साथ तो भारत का सदा सदाशयतापूर्ण संबंध रहा है। वह फिलिस्तीन की संप्रभुता और लोकतांत्रिक अधिकारों के पक्ष में खुल कर बोलता रहा है। हालांकि जब इजरायल पर हमास का हमला हुआ, तब भारत ने इजरायल के साथ खड़े रहने का एलान कर दिया, जिसे लेकर एक अजीब तरह का वातावरण बना कि भारत ने अपनी परंपरागत पक्षधरता बदल दी है। मगर जब गाजा के अल अहली अस्पताल पर हमला हुआ, जिसमें करीब पांच सौ लोग मारे गए और सैकड़ों घायल हो गए, तब प्रधानमंत्री ने फिलिस्तीन के राष्ट्रपति से फोन पर बात करके संवेदना प्रकट की और उन्हें हर मदद पहुंचाने का आश्वासन दिया। उस आश्वासन को पूरा करते हुए दवा और आपदा राहत सामग्री की पहली खेप रवाना भी कर दी गई है। राहत सामग्री की खेप भेज कर भारत ने अब स्पष्ट कर दिया है कि फिलिस्तीन के मूल अधिकारों को लेकर उसके पक्ष में कोई बदलाव नहीं आया है। प्रधानमंत्री ने कुछ दिनों पहले कहा भी था कि फिलिस्तीन की संप्रभुता बहाल होनी चाहिए, उसके हक की जमीन उसे मिलनी ही चाहिए। यह ठीक है कि इजरायल के साथ भारत की नजदीकी पिछले कुछ समय से बढ़ी है और तकनीकी आदि मामलों में वहां से सहयोग भी मिला है। मगर फिलिस्तीन और इजरायल के बीच चल रहे संघर्ष में अगर भारत केवल कुछ व्यापारिक संबंधों की वजह से इजराइल के साथ खड़ा होता, तो उसकी लोकतांत्रिक पक्षधरता का प्रश्नांकित होना स्वाभाविक था। जब भारत ने इजरायल के साथ खड़ा होने की बात कही थी, तब उसका विरोध फिलिस्तीन नहीं, बल्कि आतंकवाद को लेकर था। भारत सदा से आतंकवाद के विरुद्ध रहा है और दुनिया के किसी भी मंच पर, जहां भी अवसर आया है, उसने आतंकवाद के खिलाफ जंग छेड़ने की बात की है। संयुक्त राष्ट्र के मंच से वह लगातार इसकी मांग उठाता रहा है। इसलिए उसने हमास के हमले का विरोध करते हुए इजरायल के प्रति संवेदना व्यक्त की थी। अब जब मामला फिलिस्तीन के अधिकारों का है, तो वह सदा की तरह संकट में उसके साथ खड़ा नजर आ रहा है। यह ठीक है कि दुनिया आर्थिक और व्यापारिक संबंधों के आधार पर गुटों में बंटी हुई है, जिसमें शक्ति संपन्न देश सदा से एक साथ रहे हैं। इजरायल के साथ अमेरिका खुल कर खड़ा है। भारत के दोनों देशों से संबंध बेहतर हैं। मगर भारत ने केवल अपने व्यापारिक रिश्तों को तरजीह नहीं दी, मानवीय और लोकतांत्रिक मूल्यों को ऊपर रखा। दुनिया जानती है कि फिलिस्तीन के हिस्से की बहुत सारी जमीन इजरायल ने जोर-जबर्दस्ती से छीन ली है। अब वह फिलिस्तीन का अस्तित्व ही मिटाने पर तुला हुआ है। इसे कोई भी लोकतांत्रिक देश उचित नहीं मान सकता। अभी फिलिस्तीन और खासकर गाजा पट्टी में जैसे हालात हैं, वहां लोगों को न तो ठीक से जरूरी चीजें मिल पा रही हैं, न इलाज मिल पा रहा है। ऐसे में भारत का मदद को बढ़ा हाथ बड़ा मानवीय संबल है।


उद्घाटनकर्ता:
श्री जतिन मोसून
जेकेजे ज्वैलर्स
मुख्य अतिथि:
श्री प्रमोद पहाड़िया
एआरएल ग्रुप
समारोह अध्यक्ष:
श्रीमती रेणू राणा
प्रमुख समाज सेवी
सम्मानीय अतिथि
श्री उमरावमल संघी
प्रमुख समाज सेवी
दीप प्रज्जवलनकर्ता:
श्री सुनील जैन पहाड़िया
वर्धमान ग्रुप
डांडिया रिंग उद्घाटनकर्ता:
श्री अशोक अग्रवाल
श्रीराम ग्रुप
—: विशिष्ट अतिथि :—
श्री राजेश अग्रवाल
सिटी वाईब्स
श्री शैलेन्द्र गोधा
प्रबन्ध सम्पादक-समाचार जगत
श्री अजय कटारिया
प्रमुख समाज सेवी
श्री राजीव जैन गाजियाबाद
प्रमुख समाज सेवी
श्री विनय सौगानी
वर्ल्ड जैम्स
श्री सुनील पहाड़िया
एफ.पी.-जेएसजी राजधानी
डॉ. कुलराज मीणा RAS
एम.डी.-जयपुर डेयरी
श्री सुनील कुमार गुप्ता
ब्रांच मैनेजर-कोटक बैंक, मालवीय नगर
श्री पवन जैन
दी फोटो गैलेरी
श्री मुकेश शर्मा
मेटाक्राफ्ट
डॉ. राजीव जैन
प्रमुख समाज सेवी
श्री अखिल जैन
प्रमुख समाज सेवी
श्री कुलदीप ढिल्लो
प्रमुख समाज सेवी
डॉ. अनिल जैन
लक्की हॉस्पिटल
श्री रमेश ठोलिया
प्रमुख समाज सेवी
श्री सुशील कासलीवाल
(दिल्ली वाले)
JSG
Jain Social Groups
Int. Federation
Grow more to Serve more
Group No. 154
जैन सोश्यल ग्रुप्स इन्ट. फैडरेशन नॉर्दन रीजन
के तत्वावधान में
जैन सोश्यल ग्रुप महानगर
प्रस्तुत करते हैं
डांडिया पुरस्कार
लक्की ड्रा
विशेष आकर्षण
भगवान महावीर की
1008 दीपकों से आरती
21 वां
JKJ JEWELLERS
दीपोत्सव
डांडिया 2023
आकर्षक बम्पर हाऊजी
डीजे डांडिया धमाल
Kasera KIDS Fashions SHOW
चटपटे स्वादिष्ट व्यंजन
NO PLASTIC FOOD ZONE
रविवार, 29 अक्टूबर 2023, सायं 4 बजे से 10 बजे तक
स्थान : महावीर स्कूल प्रांगण, सी-स्कीम, जयपुर
Best Deals ka ek hi Option
1 RECEPTION
Media Partner
91.1 FM
Radio City
मुख्य प्रायोजक
JKJ JEWELLERS
M.I. ROAD | MANSAROVAR | VIDHYADHAR NAGAR
प्रायोजक
ARL
ARL Infratech Ltd.
SHREE RAM GROUP
CHART GROUP
cityvibes
kotak
Kotak Mahindra Bank
सरस
फैशन शो मुख्य प्रायोजक
Shree Kasera Tent & Event
फैशन शो प्रायोजक
JAIPUR chakki
FARM TO FAMILY
RUNDLA ENTERPRISES
सहयोगी संस्थाएं: जेएसजी अरिहन्त, मैट्रो, राजधानी, गोल्ड, अप टू डेट, राजस्थान जैन युवा महासभा, डीजेएसजी नवकार, सन्मति, आदिनाथ मित्र मण्डल, जयपुर ज्वैल्स, लायनेस क्लब स्वरा, बी.सी. फाउन्डेशन, अ.भा.दि. जैन युवा परिषद् मानसरोवर

# डॉ मालती गुप्ता बेस्ट अकैडमिक अचीवमेंट अवार्ड-2022 से सम्मानित




**जयपुर. शाबाश इंडिया।** इंडियन सोसाइटी फॉर सर्जरी ऑफ हैंड( आई आई एस एच) ने अपने स्वर्णिम वर्ष के दौरान डॉ मालती गुप्ता, पूर्व विभागाध्यक्ष, प्लास्टिक सर्जरी एवं बर्न्स, सवाई मानसिंह मेडिकल कॉलेज को, बेस्ट अकैडमिक अचीवमेंट अवार्ड- 2022 से सम्मानित किया। डॉ मालती गुप्ता इस अवार्ड से सम्मानित होने वाली राज्य की पहली प्लास्टिक सर्जन हैं। इस सम्मान की घोषणा हाल ही में पी जी आई, चंडीगढ़ में आयोजित आई आई एस एच की राष्ट्रीय वार्षिक कांफ्रेंस, 2023 के दौरान की गई।

# तीर्थ के संरक्षण के लिए स्थानीय समाज भी आगे आए: सुभाष बड़जात्या



**लाडनूं. शाबाश इंडिया।** श्री भारतवर्ष दिगंबर जैन महासभा के राष्ट्रीय महामंत्री राजकुमार सेठी एवं श्री दिगंबर जैन समाज, लाडनूं तथा ग्लोबल फाइनेंस लिमिटेड, कोलकाता के अध्यक्ष सुभाषचंद्र बड़जात्या के बीच तीर्थ के संरक्षण एवं वर्तमान में आरही आपदा के निवारण के लिए विचार विमर्श हुआ। राजकुमार सेठी ने स्थानीय दिगंबर जैन बड़ा मंदिर की संपूर्ण व्यवस्था की सराहना करते हुए कहा कि यहां की लोग अपनी जन्मभूमि के प्रति बहुत ही समर्पित हैं। ठीक इसी प्रकार देश के प्रत्येक व्यक्ति को अपनी जन्मभूमि के प्रति समर्पित होना चाहिए। मंदिर की प्राचीनता एवं स्थापत्य कला की उन्होंने सराहना की। इस अवसर पर राजकुमार सेठी ने भगवान श्री शांतिनाथ का अभिषेक एवं पूजा अर्चना की। दिगंबर जैन समाज, लाडनू के अध्यक्ष सुभाषचंद्र बड़जात्या ने कहा कि तीर्थों की संरक्षण के लिए संस्थागत कार्य किया जा रहे हैं। किंतु स्थानीय लोगों को भी जागरूक होकर कार्य करना चाहिए। स्थानीय लोग प्रशासनिक व्यवस्था के साथ मिलकर तीर्थो के संरक्षण की दिशा में कार्य कर सकते हैं। हमारी सांस्कृतिक धरोहर, सिद्धक्षेत्र, अतिशयक्षेत्र, तीर्थ स्थल के साथ-साथ मुनि आर्यिका आदि के आहार विहार हमारी जिम्मेदारी होनी चाहिए। शिक्षा प्रचारक ट्रस्ट, कोलकाता के अध्यक्ष भागचंद कासलीवाल ने भी कहा कि तीर्थ के संरक्षण की दिशा में ठोस कदम लिए जाएं। इस अवसर पर सामाजिक कार्यकर्ता पवन गंगवाल, जयपुर पुखराज बड़जात्या, कोलकाता एवं एवं युवा साहित्यकार शरद जैन सुधांशु, लाडनूं ने भी विचार व्यक्त किया।

दिगम्बर जैन सोशल ग्रुप फैडरेशन राजस्थान रीजन, जयपुर के तत्वावधान में
दिगम्बर जैन सोशल ग्रुप सन्मति एवं
आदिनाथ मित्र मंडल, जयपुर के द्वारा
नि:शुल्क चिकित्सा एवं नेत्र जांच शिविर
रविवार, 29 अक्टूबर 2023
समय: प्रात: 10 बजे से 2 बजे तक
स्थान: राजस्थान अस्पताल प्रांगण, जे.एल.एन. मार्ग, जयपुर
शिविर में निम्न रोगों के विशेषज्ञ डॉक्टरों की सेवाएं नि:शुल्क उपलब्ध रहेंगी...
हृदय रोग विशेषज्ञ - डॉ. कैलाश चन्द्रा
ई.एन.टी. विशेषज्ञ - डॉ. पंकज सिंह
हड्डी रोग विशेषज्ञ - डॉ. जितेश जैन
डायबिटीज विशेषज्ञ - डॉ. प्रियाश्री कटेवा
कैंसर रोग विशेषज्ञ - डॉ. सरजीत सैनी
स्त्री रोग विशेषज्ञ - डॉ. शिल्पा जेठवानी
नेत्र रोग विशेषज्ञ - डॉ. निकिता जैन
फिजीयोथेरेपिस्ट - डॉ. गरिमा सिंह
शिविर में उपलब्ध नि:शुल्क जांचें
बीएमडी, शुगर, लिपिड प्रोफाइल, फाइब्रो स्कैन, कान की मशीन से जांच, ई.सी.जी., मैमोग्राफी, ओपथाल स्क्रीनिंग, पैप स्मीयर
मुख्य अतिथि: श्रीमान उत्तम जी पांड्या, मुनिभक्त, प्रमुख समाजसेवी
अध्यक्षता: डॉ. एस.एस. अग्रवाल, चेयरमैन, राजस्थान हॉस्पिटल
दीप प्रज्जवलनकर्ता: श्रीमान महेश जी काला, राष्ट्रीय मंत्री, भा. दि. जैन तीर्थक्षेत्र कमेटी
नोट:- 1. जांच करवाने हेतु खाली पेट आना उचित रहेगा। 2. रोगी अपने ईलाज संबंधित पूर्व रिपोर्ट व डॉक्टर की पर्ची साथ लेकर आवें।
KUMKUM PHOTOS
Best Professional Wedding Photographer In Jaipur
Mobile:- 9829054966, 9829741147
WWW.KUMKUMPHOTOSJAIPUR.COM

दिगम्बर जैन सोशल ग्रुप फैडरेशन राजस्थान रीजन, जयपुर के तत्वावधान में

# दिगम्बर जैन सोशल ग्रुप सन्मति एवं आदिनाथ मित्र मंडल, जयपुर के द्वारा

# नि:शुल्क चिकित्सा एवं नैत्र जांच शिविर

**रविवार, 29 अक्टूबर 2023** **समय: प्रात: 10 बजे से 2 बजे तक**

**स्थान: राजस्थान अस्पताल प्रांगण, जे.एल.एन. मार्ग, जयपुर**

शिविर में निम्न रोगों के विशेषज्ञ डॉक्टरों की सेवाएं नि:शुल्क उपलब्ध रहेंगी...

| हृदय रोग विशेषज्ञ | ई.एन.टी. विशेषज्ञ | हड्डी रोग विशेषज्ञ | डायबिटीज विशेषज्ञ |
|---|---|---|---|
| डॉ. कैलाश चन्द्रा | डॉ. पंकज सिंह | डॉ. जितेश जैन | डॉ. प्रियाश्री कटेवा |
| **कैंसर रोग विशेषज्ञ** | **स्त्री रोग विशेषज्ञ** | **नैत्र रोग विशेषज्ञ** | **फिजीयोथेरेपिस्ट** |
| डॉ. सरजीत सैनी | डॉ. शिल्पा जेठवानी | डॉ. निकिता जैन | डॉ. गरिमा सिंह |

## शिविर में उपलब्ध नि:शुल्क जांचें

नोट:– 1. जांच करवाने हेतु खाली पेट आना उचित रहेगा।
2. रोगी अपने ईलाज संबंधित पूर्व रिपोर्ट व डॉक्टर की पर्ची साथ लेकर आवें।

| | | |
|---|---|---|
| बीएमडी | शुगर | लिपिड प्रोफाइल |
| फाइब्रो स्कैन | कान की मशीन से जांच | ई.सी.जी. |
| मैमोग्राफी | ओपथाल स्क्रीनिंग | पैप स्मीयर |

सौजन्य से:–
**राजस्थान अस्पताल**
जे.एल.एन. मार्ग



| मुख्य अतिथि | अध्यक्षता | दीप प्रज्जवलनकर्ता |
|---|---|---|
| **श्रीमान उत्तम जी पांड्या** | **डॉ. एस.एस. अग्रवाल** | **श्रीमान महेश जी काला** |
| मुनिभक्त, प्रमुख समाजसेवी | चेयरमैन, राजस्थान हॉस्पिटल | राष्ट्रीय मंत्री, भा. दि. जैन तीर्थक्षेत्र कमेटी |

| मुख्य समन्वयक | समन्वयक | समन्वयक | समन्वयक | संयोजक |
|---|---|---|---|---|
| दर्शन–विनीता बाकलीवाल | चक्रेश–पिंकी जैन<br>विनोद–हेमा सोगानी | राकेश–रेणु संघी<br>प्रदीप–प्राची बाकलीवाल | कमल–मंजू ठोलिया<br>चेतन–डॉ. अनामिका पापड़ीवाल | साकेत जैन, विमल जैन<br>अशोक सेठी, पं. विनोद शास्त्री |

## निवेदक :: दिगम्बर जैन सोशल ग्रुप राजस्थान रीजन, जयपुर

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| राजेश बड़जात्या<br>अध्यक्ष | अनिल जैन IPS<br>संस्थापक अध्यक्ष | यश कमल अजमेरा<br>निर्वतमान अध्यक्ष | सुरेन्द्र कुमार पाण्ड्या<br>परामर्शक | नवीन सेन जैन<br>परामर्शक | अतुल बिलाला<br>पूर्व अध्यक्ष | पारस कुमार जैन<br>कोषाध्यक्ष | निर्मल संघी<br>महासचिव |

## आयोजक :: दिगम्बर जैन सोशल ग्रुप सन्मति जयपुर

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| राकेश–समता गोदिका<br>अध्यक्ष | सुरेन्द– मृदुला पांड्या<br>संरक्षक | दर्शन– विनीता बाकलीवाल<br>संरक्षक | दिनेश–संगीता गंगवाल<br>परामर्शक | मनीष–शोभना लोंग्या<br>कार्याध्यक्ष | अनिल–अनिता जैन<br>कोषाध्यक्ष | अनिल–निशा संघी<br>सचिव |

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| सुनील–सुनीता गोदिका<br>उपाध्यक्ष | चक्रेश–पिंकी जैन<br>उपाध्यक्ष | राकेश–रेणु संघी<br>उपाध्यक्ष | विनोद–हेमा सोगानी<br>उपाध्यक्ष | राजेश–रितु छाबड़ा<br>संगठन सचिव | राजेश–रानी पाटनी<br>संगठन सचिव | प्रदीप–प्राची बाकलीवाल<br>संयुक्त सचिव | चेतन–डॉ.अनामिका पापड़ीवाल<br>संयुक्त सचिव | कमल–मंजु ठोलिया<br>सांस्कृतिक सचिव | राजेन्द्र–कुसुम जैन<br>खेल सचिव |

कार्यकारिणी सदस्य : अनिल–ज्योति चौधरी ❊ डॉ अनुपम–विनीता जैन ❊ सपन–रजनी छाबड़ा ❊ नितेश–मीनू पाण्ड्या विशेष आमंत्रित : अनिल–प्रेमा रांवका ❊ अशोक–अर्चना पाटनी ❊ अशोक सेठी

## सहयोगी :: आदिनाथ मित्र मण्डल, जयपुर

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| सुनील जैन<br>अध्यक्ष | राकेश गोदिका<br>संरक्षक | विमल जैन<br>वरिष्ठ उपाध्यक्ष | संजय जैन 'आवां'<br>उपाध्यक्ष | साकेत जैन<br>उपाध्यक्ष | अशोक सेठी<br>संयुक्त मंत्री | अनिल जैन डोइया<br>संयुक्त मंत्री | मुकेश जैन<br>कोषाध्यक्ष | राजेन्द्र बाकलीवाल<br>मंत्री |

कार्यकारिणी सदस्य : टीकम जैन, अशोक सोगानी, राजेन्द्र जैन बोरखंडी, अनिल जैन (ढोशी), अशीष शाह, अशोक जैन (आगरा रोड़), पं. विनोद शास्त्री

KUMKUM PHOTOS
9829054966, 9829741147
Best Professional Wedding Photographer In Jaipur
WWW.KUMKUMPHOTOSJAIPUR.COM

# सांखना वार्षिक मेला 28 व 29 को

## शाही लवाजमे के साथ भव्य रथयात्रा निकलेगी। स्वर्ण कलशों से भगवान शांतिनाथ का होगा कलशा अभिषेक

**साखना. शाबाश इंडिया।** श्री 1008 श्री शांतिनाथ दिगंबर जैन अतिशय क्षेत्र साखना में 450 वां वार्षिक उत्सव एवं भव्य रथ यात्रा के तहत दिनांक 28 व 29 को विभिन्न मांगलिक, धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। समिति के अध्यक्ष प्रकाश सोनी एवं मंत्री प्यार चंद जैन ने बताया की दो दिवसीय कार्यक्रम के तहत शनिवार को प्रातः भगवान शांतिनाथ का नित्य अभिषेक, शांतिधारा एवं पूजन होगा दोपहर में शांति मंडल विधान की पूजा की जायेगी एवं सायंकाल 108 दीपको से भगवान शांतिनाथ की महाआरती एवं 48 रजत दीपक प्रज्वलित करते हुए भक्तामर जी के पाठ का



आयोजन भक्तामर परिवार टोडारायसिंह के द्वारा किया जाएगा रात्रि को सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं भजन संध्या का आयोजन होगा।




# मां भगवती दरबार में हुआ विशाल भजन संध्या का आयोजन

## दुर्गा नवमी पर किया गया हवन



**लक्ष्मणगढ़, सीकर. शाबाश इंडिया।** शारदीय नवरात्रि के प्रारंभ से ही संपूर्ण कस्बा भक्तिमय वातावरण में डूबा हुआ है। यह जानकारी देते हुए बेटा पढ़ाओ-संस्कार सिखाओ अभियान के कोषाध्यक्ष एवं सामजिक कार्यकर्ता अनमोल सुरेका ने बताया कि कस्बे के वार्ड नम्बर 25 में केशरी नंदन बालाजी के पीछे स्थित ताराचंद चेजारा के निवास स्थान पर दुर्गा पूजा महोत्सव का आयोजन किया गया है। जिसमे मां भगवती की विधिवत पूजा अर्चना की जाती है एवं मां भगवती का विशेष श्रृंगार किया जाता है। प्रातः कालीन एवं रात्रि कालीन मां भगवती की महाआरती की जाती हैं। महाआरती के पश्चात मां भगवती के दरबार में भजन संध्या का आयोजन किया जाता है। सोमवार को दुर्गा नवमी के पावन अवसर पर मां जगदंबा के दरबार में हवन किया गया एंव रात्रि में विशाल भजन संध्या का आयोजन किया गया जिसमें स्थानीय भजन गायक पवन शर्मा निर्मल, अंकित खाटूवाला, सहित स्थानीय भजन गायको ने एक से बढ़कर एक भजनों की प्रस्तुती दी जिस पर भक्तजन झूम उठे। कस्बें में तीन दर्जन से अधिक स्थानों पर माँ भगवती जी की प्रतिमा का मंगलवार को धूमधाम से विसर्जन तोदी कॉलेज स्थित सेठों के तालाब (जोहड़े) में किया गया। इस पुनीत कार्य में यजमान ताराचंद-संगीता चेजारा, पवन निर्मल, अंकित खाटूवाला, विकाश भंडारी, पिंटू सुरेका, बेटा पढ़ाओ-संस्कार सिखाओ अभियान के संस्थापक अध्यक्ष पत्रकार, कवि हरीश शर्मा, अभियान के कोषाध्यक्ष अनमोल सुरेका, मोतीलाल जोशी, अमित पारीक, चिटू कुमार, लालू चेजारा, नवीन चेजारा, पिंकी चेजारा, तेजस्वी चेजारा, संगीता चेजारा, नेहा चेजारा, मोहिनी चेजारा, महावीर चेजारा, आचार्य अरविंद जोशी, विकास पाराशर ने विशेष सहयोग प्रदान किया।


## आपके विचार

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं सम्पादक राकेश जैन गोदिका द्वारा प्रकाशित दैनिक-ईपेपर 'शाबाश इंडिया' आम पाठक और समाज में जागरूकता फैलाने में सेतू का काम कर रहा है। आप अपने क्षेत्र के समाचार, आलेख, विचार आदि ई-मेल कर सकते हैं या निम्न नंबरों पर वाट्सअप कर सकते हैं।

सम्पादकः राकेश जैन गोदिका
@ 94140 78380, 92140 78380

दैनिक ई-पेपर
शाबाश इंडिया
shabaasindia@gmail.com
weeklyshabaas@gmail.com

# दिगंबर जैन सोशल ग्रुप सन्मति द्वारा निशुल्क चिकित्सा शिविर रविवार 29 अक्टूबर को

## राजस्थान अस्पताल में विशेषज्ञ डॉक्टर देंगे निशुल्क परामर्श, होगी अनेक निशुल्क जांच

**जयपुर. शाबाश इंडिया**

दिगंबर जैन सोशल ग्रुप फेडरेशन राजस्थान रीजन जयपुर के तत्वावधान में दिगंबर जैन सोशल ग्रुप सन्मति एवम आदिनाथ मित्र मंडल द्वारा जे एल एन मार्ग स्थित राजस्थान अस्पताल में रविवार, 29अक्टूबर को प्रातः 10 बजे से 2 बजे तक एक निशुल्क चिकित्सा एवम नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया जायेगा। सन्मति ग्रुप अध्यक्ष राकेश-समता गोदिका एवम अनिल - निशा संघी ने बताया कि शिविर में हृदय रोग विशेषज्ञ डॉक्टर कैलाश चंद्रा, नाक कान गला विशेषज्ञ डॉक्टर पंकज सिंह, हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉक्टर जीतेश जैन, डायबिटीज विशेषज्ञ डॉक्टर प्रियाश्री कटेवा, केंसर रोग विशेषज्ञ डॉक्टर सरजीत सैनी, स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉक्टर शिल्पा जेठवानी, नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉक्टर निकिता जैन तथा फिजियोथेरेपिस्ट डॉक्टर गरिमा सिंह निशुल्क अपनी सेवा देंगे। आदिनाथ मित्र मंडल के अध्यक्ष सुनील जैन व मंत्री राजेंद्र बाकलीवाल ने बताया कि शिविर में निम्न जांच निशुल्क उपलब्ध रहेगी :- बी एम डी, शुगर, लिपिड प्रोफाइल, ई सी जी,फाईब्रो स्केन, मेमोग्राफी, ओपथाल स्क्रीनिंग, पैप स्मियर तथा कान की मशीन द्वारा जांच उपलब्ध रहेगी।रीजन अध्यक्ष राजेश - सीमा बड़जात्या तथा महा सचिव निर्मल-सरला संघी के अनुसार समारोह की अध्यक्षता राजस्थान अस्पताल के चेयरमैन डॉक्टर एस एस अग्रवाल, मुख्य अतिथि मुनीभक्त,प्रमुख समाज सेवी उत्तम जी पांड्या व दीप प्रज्वलन कर्ता भारत वर्षीय दिगंबर जैन तीर्थ क्षेत्र कमेटी के राष्ट्रीय मंत्री महेश काला होंगे। शिविर के मुख्य समन्वयक दर्शन - विनिता बाकलीवाल ने बताया कि शिविर के सुचारू संचालन के लिए विनोद - हेमा सोगानी, चक्रेश - पिंकी जैन, राकेश - रेणु संघी, प्रदीप - प्राची बाकलीवाल, कमल - मंजू ठोलिया, चेतन - डॉक्टर अनामिका पापड़ीवाल को समन्वयक तथा साकेत जैन कुमकुम फोटोज, विमल जैन, अशोक सेठी, पंडित विनोद शास्त्री को सयोजक बनाया गया है।

# भावना भक्त को भगवान बनाती है : गणिनी आर्यिका विज्ञाश्री माताजी



**गुंसी, निवाई. शाबाश इंडिया।** श्री दिगम्बर जैन सहस्त्रकूट विज्ञातीर्थ, गुन्सी (राज.) के तत्वावधान में आर्यिका विज्ञाश्री माताजी के सानिध्य में आज की शान्तिधारा करने का सौभाग्य राजेन्द्र नेमिसागर कॉलोनी जयपुर , महेश मोटुका वाले निवाई, शैलेन्द्र संघी निवाई, इंद्रकुमार खिरनी वाले सवाईमाधोपुर, प्रभाकर बड़जात्या लालसोट वालों ने प्राप्त किया ।तत्पश्चात भक्तों ने मिलकर शांतिनाथ भगवान की अष्ट द्रव्य से पूजन रचायी ।झूमते - नाचते हुए 24 भगवान के अर्घ्य समर्पित किये। पूज्य माताजी ने सभी को संबोधित करते हुए कहा कि - यदि श्रद्धा भक्ति के भाव से इस आराधना को किया जाये तो यह भक्ति तात्कालिक फल को प्रदान करने वाली है । कहते हैं भावना भक्त को भगवान बना देती हैं।जितनी प्रशस्त भावनायें रहती है उतने ही प्रशस्त आपकी क्रियायें होती हैं।माताजी ने कहा वर्तमान समय में सभी की मिथ्यात्व की बुद्धि बन गई हैं। आज के समय में इंसान स्वयं धर्म कार्य नहीं करता और जो दूसरे करते हैं उन्हें भी नहीं करने देता। मिथ्या भ्रांति फैलाकर धर्म कार्य में विघ्न डालता है।ऐसे लोगों से दूर रहना चाहिए जो देव शास्त्र गुरू की सेवा में रोक लगाये। देव शास्त्र गुरू की निंदा करने , सेवा में विघ्न डालने से निधत्ति निःकांक्षित जैसे कर्म बंधते हैं ।अंजना सती ने जलन - ईर्ष्या से 22 घड़ी के लिए जिन प्रतिमा को छिपा दिया था तो उसे 22 वर्ष तक पति का वियोग सहना पड़ा ।जबकि उसने प्रायश्चित किया, आर्यिका पद ग्रहण करके 1 माह तक मासोपवास किये फिर भी देव शास्त्र गुरू की निंदा का फल भोगना पड़ा। अतः मेरा आप सभी से इतना ही कहना है देव - शास्त्र - गुरू के प्रति सेवा, दान आदि के भाव बनाये रखें क्योंकि इसके अच्छे और बुरे फलों को हमें ही भोगना है किसी अन्य को नहीं ।

# विश्व इतिहास में पहली बार गौकाष्ठ कास्ट गोमय समिथा से रावण दहनः नवीन कुमार



**जयपुर. शाबाश इंडिया।** वैश्विक पर्यावरण संरक्षण एवं गौसंवर्धन की दिशा में कार्य करते हुए श्री राम आशापूरण चैरिटेबल ट्रस्ट जयपुर द्वारा विगत कई वर्षों से गौकाष्ठ गो कास्ट से होलिका दहन एवं अंतिम संस्कार के कार्य करवाने के साथ ही पहली बार गौकाष्ठ गोमय समिधा से रावण दहन का पुनीत कार्य भी किया गया इस इको फ्रेंडली अभियान को नवीन कुमार भंडारी एवं श्री गोपाल नगर विकास समिति के सहयोग से संपन्न किया गया इस बारे में डॉक्टर सीताराम गुप्ता ने बताया की किस प्रकार कोरोना काल में उपजे एक छोटे से विचार ने धीरे-धीरे मूर्त रूप लेना शुरू किया और आम जनजीवन में जहां-जहां भी लकड़ी जलती है उसके विकल्प के रूप में गौकाष्ठ का उपयोग करवाना शुरू किया जिसके तहत ट्रस्ट द्वारा जयपुर नगर निगम ग्रेटर के साथ हुए एमओयू के तहत जयपुर के 11 मोक्ष धाम गोद लिए जाकर वहां करवाए जाने वाले अंतिम संस्कार आम जन के साथ जुड़कर के 2021 से प्रारंभ किए गए गौकाष्ठ से होलिका दहन रहे हो हर जगह सफलतापूर्वक इस कार्य को संपन्न किया गया तथा इस बार एक अनूठी पहल की गई की क्यों ना गौकाष्ठ से रावण दहन किया जाए जिससे पर्यावरण को सुरक्षित किया जा सके तथा इस अभियान के जनमानस के अपनाने से गौशालाएं स्वावलंबी बन सकेंगी तथा पर्यावरण को सुरक्षित किया जा सकेगा। अधिक जानकारी देते हुए श्री राम आशापुरण चैरिटेबल ट्रस्ट के नवीन भंडारी जी एवं गोपाल नगर विकास समिति के सचिव सतीश जी ने बताया कि जहां-जहां भी लकड़ी जलाई जाती है उसके विकल्प के रूप में आने वाले समय में गोकास्ट गोमय समिधा का उपयोग सुनिश्चित करवाया जाएगा तथा प्रत्यक्ष तौर पर पेड़ों को कटने से बचाया जाकर पर्यावरण को सुरक्षित किया जा सकेगा जिसके लिए पूरे भारत से चेतना अभियान के रूप में एक करोड़ संकल्प पत्र भरवाने का अभियान प्रारंभ कर दिया गया है जिससे आमजन के सहयोग से ग्लोबल वार्मिंग कम करने में बहुत बड़ी भूमिका अदा की जा सकेगी।

## शाहगढ़ में प्रथम बार पच्चीस मंडलों से सुशोभित समवशरण महामंडल विधान

# 25 अक्टूबर को घटयात्रा के साथ विधान प्रारंभ



**मनीष विद्यार्थी. शाबाश इंडिया**

शाहगढ़। बुंदेलखंड की पावन धरा संतों की नगरी 1857 के स्वाधीनता संग्राम के प्रणेता महाराज बखतबलि शाह जू देव की नगरी शाहगढ़ में बुंदेलखंड के प्रथम आचार्य परम पूज्य गणाचार्य श्री 108 विराग सागर महाराज के शिष्य जनसंत उपाध्याय मुनि श्री 108 विरंजन सागर महाराज के मंगल सानिध्य में 25 अक्टूबर से 2 नवंबर तक शाहगढ़ के इतिहास में प्रथम बार 25 मंडलों से सुशोभित श्री 1008 समोशरण महामंडल विधान एवं विश्व शांति महायज्ञ का आयोजन हो रहा है। पांच हजार धर्मामिल्मवियों के बैठने की क्षमता वाले नगर भवन में 80/135 के तैयार किए गए विशाल पंडाल में होने वाले धार्मिक अनुष्ठान को लेकर तैयारियां और जिम्मेदारीयों को सौपा गया, रविवार को जनसंत मुनि श्री विरंजन सागर महाराज ने चतुर्मास समिति के साथ नगर भवन में आयोजित विधान स्थल की तैयारियों व्यवस्थाओं को देखा। विधान में सोधर्म इंद्र सचिन सागर, चक्रवर्ती सुदीप डेवड़िया,कुबेर कमल डेवड़ीया, महायज्ञानायक राजकुमार मिठया, बाहुबली राजीव बमनोरा, को प्रमुख पात्र बनें।इसके अलावा 24 समोशरण पर 24 सोधर्म इंद्र आदि पात्रों की चयन प्रक्रिया पूरी संपन्न हुई।25 तारीख दिन बुधवार को दोपहर 1 बजे से घटयात्रा, 28 अक्टूबर दोपहर में आरती संघ द्वारा महामुनिराज आचार्य विद्यासागर महाराज का 77 वा जन्म दिवस मनाया जाएगा और रात्रि में भजन नृत्य प्रतियोगिता, 29 अक्टूबर को दोपहर में चक्रवर्ती दिग्विजय यात्रा, रात्रि में चक्रवर्ती दरबार,इंद्र सभा, 30 अक्टूबर को अखिल भारतीय कवि सम्मेलन, 31अक्टूबर को गौराबाई मंदिर सागर की बालिकाओं द्वारा नाटिका, 1 नवंबर को मध्य प्रदेश स्थापना दिवस पर तहसील प्रेस क्लब द्वारा आयोजित प्रतिभा सम्मान समारोह, रात्रि में शांतिनाथ ओषधी दान सेवा समिति द्वारा भजन संध्या का आयोजन होगा। प्रतिदिन जनसन्त मुनि श्री विरंजन सागर महाराज की मंगल देशना होगी, समापन पर 2 नवंबर को नगर रथ यात्रा निकाली जाएगी।

## श्रीजी की नगर परिक्रमा के साथ वृहद तीन लोक महामण्डल विधान सम्पन्न

### पुण्यार्जक चक्रेश कुमार जैन परिवार को मिली आचार्य श्री की पिच्छी



**जयपुर. शाबाश इंडिया।** स्थानीय बरकत नगर की निरन्तरता के क्रम में चौदवे पुण्य वर्धक वषायोग 2023 के अन्तर्गत गणाधिपति गणाचार्य श्री कुन्थू सागर जी महाराज से आचार्य पद गृहण कर्ता एवं आचार्य श्री सिद्धान्त सागर जी महाराज से दीक्षित तथा प्राचीन ऋषभदेव तीर्थ क्षेत्र उद्धारक युवा आचार्य श्री नवीननंदी जी महाराज वषायोग हेतु प्रवास कर रहे हैं ।वषायोग विभिन्न धार्मिक एवं सामाजिक कार्यकृमों के साथ सम्पन्न हो रहा हैं ।इस बार विशेष रूप से उल्लेखनीय हैं कि आचार्य श्री की 108 विधान करने की भावना स्वरूप यहाँ लगभग 80 विधान सम्पन्न किए जा चुके हैं। वर्षायोग के धार्मिक एवं सांस्कृतिक संयोजक सतीश जैन अकेला के अनुसार दिनांक 3 अक्टूबर से 25 अक्टूबर तक णमोकार भवन में वृहद तीन लोक महामण्डल विधान का आयोजन किया गया जिसमें मुनिराज के मार्ग दर्शन में पन्द्रह हजार श्री फल अर्घ के साथ समर्पित किए गए। समापन के अवसर पर आज प्रातः अभिषेक ' शान्तिधारा व नित्य नियम पूजा तथा हवन पं नरेन्द्र कुमार जैन के निर्देशन में सम्पन्न हुआ ।पश्चात बरकत नगर के इतिहास में प्रथम बार श्री जी ने पालकी में विराजित होकर नगर परिक्रमा की ' इस भव्य शोभा यात्रा में बेन्ड बाजों के साथ बडी संख्या में महिलाओं व पुरुषों ने सहभागिता निभाई शोभा यात्रा के मार्ग में जगह जगह श्रावकों द्वारा श्रीजी की आरती उतारी गई वापस णमोकार भवन पहुंच कर यात्रा का समापन हुआ तथा पुण्यार्जक परिवार श्रीमती चेतना - चक्रेश कुमार जैन के सौजन्य से यहाँ सभी सकल समाजजनो ने वात्सल्य भोज का रसास्वादन किया। यहां यह भी उल्लेखनीय है कि कुछ समय पूर्व आचार्य श्री द्वारा समाज के समक्ष मंदिर प्रबन्ध समिति एवं वर्षायोग समिति के यशस्वी अध्यक्ष . समर्पित व्यक्तिव ' परम मुनि भक्त हंसमुख चक्रेश कुमार जैन को उनकी सार्थक सेवाओं के परिणाम स्वरूप श्रावक रत्न की उपाधि से विभूषित किया गया था विशेष रूप से आज के मुख्य कार्यक्रमो में आचार्य श्री का पिच्छी परिवर्तन बहुत ही आकर्षक चित्ताकर्षक रूप से सम्पन्न कराया गया।

## संसार का सुख अस्थाई और मोक्ष सुख स्थाई है: महासती धर्मप्रभा



**सुनिल चपलोत.शाबाश इंडिया**

चैन्नई। संसार का सुख अस्थाई है, और मोक्ष सुख स्थाई है। बुधवार साहुकारपेट जैन भवन में महासती धर्मप्रभा ने ओलीजी तप पर श्रीपाल चारित्र का वांचन करतें हुए साधना-आराधना करनें वाले साधकों से कहा कि आत्मा संसार में पूर्व भव मे किए गये पुण्य कर्म से ही जीवन मे सुख प्राप्त करती है मनुष्य के पुण्य जब तक प्रबल तब तक उसका कौई बाल भी बांका नहीं कर सकता है। पुण्य से ही मनुष्य संसार मे सुख प्राप्त करता है परन्तु संसार का सुख स्थाई नहीं है असली सुख तो मोक्ष का है जो कभी नष्ट नही होने वाला है। और इंसान पुदगलो और विषयों के सुख को स्थाई जानकर अज्ञान,मोह,माया कसाय और लोभ मे जीवन भर सुख की तलाश में दुःख भोगता है।लौकिक और भौतिक सुख स्थिर नही है सच्चा सुख आसक्ति को त्याग में है, कर्म के त्यागने में नहीं। कर्म से प्राप्त होने वाले फल के प्रति आसक्ति को त्यागने पर ही मनुष्य अपनी आत्मा को मोक्ष का सुख दिलवा सकता है। साध्वी स्नेहप्रभा ने श्रीमद उत्ताराध्यय सूत्र के आठवें अध्याय अज्झयणं काविलीयं के पाठ का विवेचन करतें हुए कहा कि मनुष्य अपने लोभ पर संतोष की लगाम लगाने पर ही जीवन मे सुख और शांति प्राप्त कर सकता है वरना उसे जीवन मे सुख और शांति की प्राप्ति नहीं मिलने वाली है। मनुष्य का लोभ और लालच ही उसके जीवन को नष्ट कर और आत्मा का पतन करवाता है। साहुकारपेट श्री संघ के कार्याध्यक्ष महावीर चन्द सिसोदिया ने जानकारी देते हुए बताया धर्मसभा मे अनेक बहनो और भाईयो ने आयंबिल और दैनिक उपयोग में आने वाली वस्तुओं के साध्वी धर्मप्रभा से प्रत्याख्यान लिए। जिनका श्रीसंघ के मंत्री सज्जनराज सुराणा, महावीर चन्द कोठारी,शम्भूसिंह कावड़िया आदि ने आयंबिल करने वालो का अभिनन्दन किया।

# मंदिर नव निर्माण के लिए भव्य शिलान्यास कार्यक्रम संपन्न

**झुमरीतिलैया,झारखण्ड. शाबाश इंडिया**



90 वर्ष प्राचीन श्री दिगंबर जैन बड़ा मंदिर का नव निर्माण के लिए भव्य शिलान्यास का कार्यक्रम पूज्य जैन संत गुरुदेव मुनि श्री108 सुयश सागर जी महाराज के सानिध्य में हुआ । जैन समाज के मंत्री ललित सेठी ने बताया कि पुराने मंदिर की जीर्ण अवस्था को लेकर मंदिर निर्माण कमेटी एवं जैन समाज के पदाधिकारीगण ने निर्णय लिया कि समय और समाज की आवश्यकता को देखते हुए इसे आधुनिक साज सज्जा के साथ भव्यता और दिव्यता प्रदान करते हुए नया निर्माण कराया जाय। पुराने मंदिर का विसर्जन कर दिया गया। विश्व शांति महायज्ञ हवन पूजा के साथ ही सिद्ध चक्र महामंडल विधान को पूरी भक्ति के साथ संपन्न किया गया तत्पश्चात शिलान्यास का कार्यक्रम हुआ जिसमें 1000 से अधिक श्रद्धालु भक्त पुरुष महिला युवा बच्चे ने भाग लिया। गुरुदेव आचार्य विशुद्ध सागर जी महाराज के परम प्रभावक शिष्य पूज्य मुनि श्री 108 सुयश सागरजी महाराज ससंघ सानिध्य में अभूतपूर्व ऐतिहासिक सिद्ध चक्र विधान संपन्न हुआ और साथ साथ मंदिर नव निर्माण शिलान्यास समारोह भी संपन्न हुआ। भूमि पूजन एवं शिलान्यास कार्यक्रम के पूर्व खनन क्रिया, वास्तु विधान, भूमि शुद्धि आदि मांगलिक कार्य समाज की उपस्थिति में पू गुरुदेव सुयश सागरजी महाराज ससंघ सानिध्य में और प्रतिष्ठाचार्य ब्र संजय भैया,सरस, बैतूल के निर्देशन में शुरू हुए। प्रातः काल हवन आदि मांगलिक कार्य के बाद भगवान को पालकी पर बिठाकर नगर के मुख्य स्थान से शोभायात्रा निकाली गई और साथ साथ मुख्य शिलान्यास कर्ता परिवार सुरेंद्र सरिता सौरभ काला परिवार को सम्मान के साथ बग्गी में बिठाया गया और नगर परिक्रमा करने के बाद श्री जी का शिलान्यास स्थल पर जलाभिषेक किया गया। श्रद्धालु बडी संख्या में उपस्थित थे और मंत्रोंचारण के साथ शांति धारा की गई। सर्व प्रथम शिलान्यास स्थल पर शिलान्यास कर्ता परिवार के सभी सम्मानित सदस्यों का भव्य प्रवेश शिलान्यास स्थल पर हुआ। शिलान्यास स्थल की बहुत ही सुन्दर सजावट और तैयारी की गई।विधि विधान पूर्वक पूजा अर्चना के बाद सर्व प्रथम शिलान्यास स्थल सुरेंद्र सरिता सौरभ काला झुमरीतिलैया कोडरमा परिवार को आमंत्रित करते हुए रत्न शिला स्थापित करने का सौभाग्य मिला। परिवार और समाज के पूरे सदस्यों ने मिलकर भूमि पूजन एवं शिलान्यास कार्यक्रम को सफल बनाया। सभी को रजत स्वस्तिक,स्वर्ण शिला,रजत शिला उपलब्ध कराते हुए समाज के सभी परिवारों को पुण्य अर्जित करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। पूज्य गुरुदेव मुनिश्री सुयश सागरजी महाराज एवं समाज की विभिन्न इकाइयों के पदाधिकारीगण एवं सदस्यों ने विशेष रूप से सुरेंद्र सरिता सौरभ काला परिवार को बहुत बहुत बधाई दी। पूज्य गुरुदेव श्रमण मुनि सुयश सागर महाराज ने कहा कि कई जन्मों में संचित पुण्य कर्म के फलस्वरूप ऐसा सौभाग्य किसी व्यक्ति को मिल पाता है कि वह जिनालय निर्माण के शिलान्यास का सौभाग्य पा सके। भूमि पूजन में आठ दिशाओं मे आठ शीला रखने का सौभाग्य विमल संजय अजय बरजतया परिवार झुमरी तिलैया, पाना देवी गया परिवार, सुशीला देवी संदीप आशीष संजय सेठी परिवार झुमरी तिलैया, ललित दिलीप सृष्टि अजमेरा परिवार हजारीबाग, सुरेश प्रतिक पांड्या झुमरी तिलैया परिवार, विनीत छाबड़ा कोलकाता ध्वजा रोहन करता, विवेक सेठी प्रवीण पाटनी अभिषेक गंगवाल आदि परिवार को मिला सुरेंद्र काला ने सभी पदाधिकारीगण, मंदिर निर्माण कमेटी चातुर्मास कमेटी के संयोजक नरेंद्र झाझरी, महिला समाज,युवक समिति, वषायोग समिति और सभी सहयोगियों विशेष रूप से सुरेश झांझरी, सुशील छाबड़ा, विवेक सेठी, प्रवीण पाटनी, अभिषेक गंगवाल,रिषभ काला का आभार जताया। पूज्य मुनिश्री 108 सुयश सागरजी महाराज,कोडरमा गौरव मुनि श्री 108 प्रांजल सागर जी मुनिराज,प पू क्षुल्लक 105 श्रुत सागर जी, क्षुल्लक 105 सोहम सागरजी महाराज का पूरे जैन समाज के श्रद्धालु भक्तों को आशीर्वाद मिला मंदिर निर्माण कमेटी के संयोजक सुरेश झांझरी सुशील छाबड़ा ने भी सभी दान दातार के प्रति आभार व्यक्त किया और बताया कि सभी के सहयोग से मंदिर का निर्माण कार्य शुरू होगा जिसे तीन वर्षों में पूरा कर लिया जाएगा। जैन समाज के मीडिया प्रभारी नवीन जैन और राजकुमार अजमेरा ने बताया कि शिलान्यास स्थल पर 35घंटे का विश्व शांति णमोकार महामंत्र का अखंड पाठ चल रहा है जो दि 25/10/23 को शाम तक जारी रहेगा।

## लीनेस क्लब स्वरा का सामाजिक कार्यक्रम



**जयपुर. शाबाश इंडिया**

लीनेस क्लब स्वरा ने अपने सामाजिक कार्यक्रम की श्रंखला के तहत अपना घर आश्रम में विमंदित महिलाओं को भोजन करवाया और फलों का वितरण किया। यह जानकारी देते हुए क्लब अध्यक्षा स्वाति जैन और सचिव मोना जैन ने बताया कि आयोजन की पुण्यार्जक रंजू जैन रही ।इस अवसर पर ग्रुप की सलाहकार अंजू जैन , ममता जैन , निशा शाह और शिखा बाकलीवाल सहित अन्य सदस्य मौजूद रहे ।अंजू जैन ने बताया कि आदिश गुप्ता के दूसरे जन्मोत्सव पर आयोजित किये गए इस कार्यक्रम में आश्रम की महिलाओं के चेहरे की खुशी देखते ही बनती थी ।

## टोंक के अनिल ट्रान्सपोर्ट व निवाई की मुन्नी देवी भाणजा श्रमण संस्कृति पाठशाला महाअधिवेशन आगरा में हुए सम्मानित

**मोहन सिंहल. शाबाश इंडिया**




टोंक। टोंक व निवाई से बस द्वारा 60 गुरू भक्तों ने सन्त शिरोमणि श्रमण मुनिपुनगव श्री सुधा सागर महाराज के सानिध्य में आगरा में चतुर्मास के दौरान श्रमण संस्कृति पाठशाला के महाधिवेशन के आयोजित कार्यक्रम में गुरु भक्तों ने हिस्सा लिया। इस कार्यक्रम में लगभग सभी राज्यों के जैन पाठशाला के 5000 से भी अधिक शिक्षार्थीयों ने भाग लिया। डा. चेतन जैन ने बताया कि कार्यक्रम में लगभग 4 से 5 किमी की बालक बालिकाओं द्वारा ज्ञानवर्धक प्रदर्शनी निकालीं । प्रकाश पटवारी ने बताया कि श्रमण संस्कृति ज्ञान प्रसार के कार्य के लिए अनिल ट्रान्सपोर्ट को मेंडल पहनाकर सम्मानित किया। सम्मानित करते समय अशोक छाबड़ा धर्मचन्द आणडरा प्रेम सर्राफ एवं सुमित्रा सिहल आशा जैन अर्चना जगतपुरा आदि मोजूद थे। टोंक जैन पाठशाला से बालक बालिकाओं मे अक्षित दर्शिका राशि एवं दक्ष के साथ अन्य साथी उपस्थित थे। समाज सेविका रजनी जैन ने बताया कि निवाई शान्ति सागर पाठशाला में निःशुल्क धार्मिक शिक्षा देने वाली महिलाओं मे मुन्नी देवी भाणजा सीमा नवजीवन एवं मिनाक्षी भाणजा को मेडल पहनाकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में एस एम सिंहल उत्तम कुरेडा शंकर मोहम्मद गढ़ वालो सहित कई लोग उपस्थित थे। बस के सभी साथियों ने सिद्ध क्षेत्र सोनागिरी की भी वन्दना की वन्दना के बाद सभी गुरू मां भक्तों ने विश्व प्रसिद्ध स्वस्ति धाम प्रणेता जहाजपुर के नाम से विख्यात प०पू० आर्यिका 105 स्वस्ति भूषण माताजी के दर्शन कर आशीर्वाद लिया।

# भैंसलाना में चल रही रामलीला का हुआ समापन



अर्पित जैन. शाबाश इंडिया

भैंसलाना। कस्बे के जैन मंदिर के सामने रामलीला मैदान में चल रही रामलीला में मंगलवार को मेघनाथ वध,कुंभकरण वध,अहिरावण वध एवं रावण और राम के मध्य युद्ध, रावण वध एवं श्रीराम का राजतिलक का मंचन दिखाया गया। इस दौरान सैकड़ो की संख्या में आसपास की गांव ढाणियों से आए ग्रामीण से रामलीला मैदान भरा हुआ नजर आया देर रात तक रामलीला में मंचन के दौरान श्रीराम और रावण की सेना के मध्य युद्ध चलता रहा जिसके बाद राम ने रावण का वध किया और पूरा पांडाल जय श्री राम के जयकारों से गूंज उठा तत्पश्चात श्री राम का राज्याभिषेक का मंचन हुआ। मंचन में राम का अभिनय हिमांशु शर्मा,लक्ष्मण का चंद्रप्रकाश योगी, सीता का धर्मेंद्र योगी,हनुमान का अशोक लड्डा,रावण का सतीश जांगिड़,विभीषण का किशन माली,मेघनाथ का संदीप सैन,कुंभकरण का महेश नवहाल,अहिरावण का सुरेश कुड़ी ने अभिनय किया। इस अवसर पर शांतिलाल शर्मा, श्यामबिहारी रूंथला, बृजमोहन शर्मा, ओमप्रकाश पुजारी, अमित सैन, ओमप्रकाश जांगिड़, सत्यनारायण योगी, कृष्णा पुजारी, केशवदास स्वामी, मनीष रूंथला,महेश शर्मा, जॉनी अग्रवाल, अरिहंत पाटनी आदि ने व्यवस्था में सहयोग किया।

# गुलजार वायलिन के प्रिंस अवॉर्ड से सम्मानित



जयपुर. शाबाश इंडिया। वायलिन वादक गुलजार हुसैन को पिंक सिटी प्रेस क्लब के 32 व स्थापना दिवस समारोह मे ''प्रिंस ऑफ वायलिन'' अवार्ड से सम्मानित किया गया। कार्यकम मे सांसद रामचरण बोहरा प्रेस क्लब के अध्यक्ष राधारमण शर्मा ने ये सम्मान गुलजार को संगीत के क्षेत्र मे उल्लेखनीय योगदान के लिए दीया।

# अन्तर्मना आचार्य श्री प्रसन्न सागर जी महाराज के प्रवचन से

**यदि मान, सम्मान, इज्जत, प्रतिष्ठा नहीं बना पा रहे हो, तो कोशिश करो जो बनी है, वो खराब नहीं हो पाये..!**



इच्छाओं और अभिलाषाओं की उड़ान भरने से पहले अपने विजन की सुरक्षा कर लेना चाहिए। आज की तारीख में सुधार की भूख सबमें होनी चाहिए। हम हमेशा बोलते हैं, हम अपने आप को और सुधारेंगे, भगवान बनने का मार्ग सुधरने का ही मार्ग है। न्यूयॉर्क की सड़क पर एक संगीतकार को रोककर पूछा गया कि वह कानेर्गी हाल तक कैसे पहुँचा? संगीतकार ने जवाब दिया - हमने अपनी हर भूल को स्वीकार किया और अपना अभ्यास कभी बन्द नहीं किया। सिर्फ अभ्यास और अभ्यास। वास्तव में अभ्यास किसी भी योग्यता में माहिर होने की कुन्जी है। इसलिए अपनी इच्छा शक्ति को चुनौती देने के लिये हमेशा ही सम्मेदशिखर पर्वत जैसे ऊंचे संकल्प होना चाहिए। अभ्यास करके आप कोई भी असम्भव कार्य को सम्भव कर सकते हैं।

## सफलता के लिए तीन बातें :-

जो कार्य हाथ में लिया है, उसे बाखूबी से पूरा करना।
जो आपने जाना, समझा और सीखा है, उसका अभ्यास करना।
जो भी कार्य करें संकल्प, इमानदारी और कर्त्तव्य निष्ठ होकर करें।
यदि ये तीन बातें आत्मसात कर ली तो फिर असफलता से बच जाओगे ।

नरेंद्र अजमेरा पियुष कासलीवाल औरंगाबाद

# महावीर इंटरनेशनल (साउथ वेस्ट) सूरत शाखा द्वारा सीलिंग फैन का वितरण



सूरत. शाबाश इंडिया। महावीर इंटरनेशनल (साउथवेस्ट) सूरत शाखा के द्वारा सूरत के आंगनबाड़ी स्कूल क्रमांक 55 में सीलिंग फैन व ट्यूबलाइट आदि आवश्यक इलोक्ट्रॉनिक्स उपकरणों का वितरण किया गया। शाखा के सचिव वीर नरेश अंब्बानी ने बताया की कार्यक्रम का शुभारंभ प्रार्थना से हुआ। वहां उपस्थित सभी बच्चों को केक चॉकलेट्स वितरित की गई तत्पश्चात चेयरमैन वीर अजय बरडिया ने 5 आंगनबाड़ी में पढ़ने वाले वंचित परिवार के बच्चों को शिक्षा की आवश्यकता बताते हुए उनकी पढ़ने में हर प्रकार की सुविधा का ध्यान रख कर सीलिंग फैन और ट्यूबलाइट का वितरण किया गया। इस अवसर पर सूरत महानगर पालिका के वाइस चेयरमैन सुरेश भाई कणसागरा उपस्थित थे। उन्होंने कहा आंगनवाड़ी में जो भी आवश्यकता होगी उससे पूरी करने का प्रयास करेंगे। कार्यक्रम में नगर पार्षद बलवंत भाई पटेल उपस्थित थे, उन्होंने आंगनवाड़ी की दीवारों को ठीक कराने का आश्वासन दिया। इस अवसर पर साउथ वेस्ट शाखा के वीर सुशील लूनिया प्रदीप गुजरानी विमल बैद दिलीप मंडोत प्रमोद बोथरा विजय बुरड़ मनोज श्रीमाल, प्रकाश घोड़ावत अरविंद बैद आदि वीर उपस्थित रहे व वीराओ में पूनम जी गुजरानी, रितु बरड़िया, मनीषा बेद मौजूदगी रही। आंगनबाड़ी की संचालिका रेखाबेन ने सभी का आभार व्यक्त किया।